**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2669**
**04 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए**

**सीमा सड़क**

**2669. डॉ. निशिकांत दुबे :**
**श्री निहाल चन्द चौहान :**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा बिछाई गई सीमा सड़कों की लंबाई और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा सड़कों के रख-रखाव के लिए स्वीकृत/व्यय की गई राशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में अभी भी ऐसे सीमा क्षेत्र में जहां पर्याप्त बुनियादी ढांचा नहीं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार ने देश में सीमा सड़कों को सुलभ बनाने के लिए क्या कार्रवाई की है और इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर सड़क प्रणाली बनाने के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों के रख-रखाव के संबंध में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को क्या दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं; और

(ड.) क्या सरकार का विचार आगामी दिनों में राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क से संबंधित कोई परियोजना कार्यान्वित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)**

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित सड़कों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा निम्नवत है :-

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | निर्मित सड़कों की लम्बाई (किमी) |
|---|---|---|
| 1 | लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र | 453.59 |
| 2 | जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र | 443.94 |
| 3 | अंडमान एवं निकोबार संघ राज्यक्षेत्र | 4.50 |
| 4 | उत्तराखंड | 343.56 |
| 5 | अरुणाचल प्रदेश | 507.14 |
| 6 | मिजोरम | 53.54 |
| 7 | नागालैंड | 63.76 |
| 8 | मणिपुर | 6.30 |
| 9 | सिक्किम | 164.95 |
| 10 | पश्चिम बंगाल | 18.32 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 40.23 |
| 12 | राजस्थान | 311.14 |
| 13 | पंजाब | 34.57 |
| **कुल योग** | | **2439.16** |

विगत तीन वर्षों के दौरान सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा देश में सीमावर्ती सड़कों के रख-रखाव के लिए स्वीकृत व्यय की तुलना में उपगत व्यय का ब्यौरा निम्नवत हैः-

| क्र.सं. | वित्त वर्ष | स्वीकृत निधि (राशि करोड़ रु. में) | उपगत व्यय (राशि करोड़ रु.में) |
|---|---|---|---|
| (i) | 2020-21 | 870.80 | 841.22 |
| (ii) | 2021-22 | 752.03 | 744.52 |
| (iii) | 2022-23 | 923.00 | 846.46 |

(ख) और (ग) सीमा सड़क संगठन, सशस्त्र सेनाओं द्वारा निर्धारित की गई प्राथमिकता के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्र में सड़कों का निर्माण करता है। सीमा सड़क संगठन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर सड़क व्यवस्था बनाने के लिए किए गए उपायों के साथ देश में सुलभ सीमावर्ती सड़कें तैयार करने के लिए सरकार द्वारा निम्नवत कार्रवाई की गई है:-

(i) योजना समय कम करने के लिए सीमा सड़क संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों में वृद्धि करना।

(ii) सड़क निर्माण की गति में तेजी लाने के लिए नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करना।

(iii) नए और आधुनिक उपकरणों की अधिप्राप्ति और सड़क निर्माण के लिए संयंत्रों की स्थापना करना।

(iv) निर्माण के ईपीसी मोड का उपयोग करना।

(v) हवाई प्रयास की वर्धित उपलब्धता।

(vi) सीमा सड़क संगठन के दायित्व वाले क्षेत्र (ए ओ आर) में सड़कों की पहले और बाद में सड़क सुरक्षा आडिट।

(घ) सड़कों का रख-रखाव अनुरक्षण के लिए निर्धारित मानदंड के अनुसार किया जाता है। सड़क यातायात को तैयार स्थिति में बनाए रखने के लिए निर्धारित नवीनीकरण चक्र के अनुसार सड़कों का पुनर्समतलीकरण किया जाता है।

(ड.) राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्यान्वयनाधीन और भविष्य के लिए प्रस्तावित दीर्घकालिक सतत निर्माण योजना (एलटीआरओडब्ल्यूपी) 2023 से 2028 के अनुसार सड़क परियोजनाएं परिशिष्ट -'क' में संलग्न हैं।

*****

**परिशिष्ट- 'क'**

| क्र. सं. | सड़क का नाम | लम्बाई (किमी में) | सड़क का वर्गीकरण | |
|---|---|---|---|---|
| | | | मौजूदा | प्रस्तावित |
| 1 | बकासर-मवसारी | 32.390 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 2 | बाड़मेर-चौथान-केलनोर | 82.500 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 3 | खरबारा-देवासर | 11.150 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 4 | पिथेवाला-पीटी 141-रामगढ़ | 56.122 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 5 | लुनदेत-भारेवाला | 34.260 | नई | एनएचडीएल |
| 6 | विर्धवाल-पुगाल-बज्जू | 182.870 | आईडब्ल्यू | एनएचडीएल |
| 7 | श्रीमोहनगढ़-हदा बीआर | 65.250 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 8 | पिथेवाला मोड़ (पीटीएम)-एडी तोबा-लुनदेत | 125.000 | नई | एनएचडीएल |
| 9 | गोपालसर-लाखरचोटी-रोड आरडी 330 आफ आईजीसी | 13.960 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 10 | असुतर-शागढ़ | 26.700 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 11 | रावला-रोझरी | 27.000 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 12 | रामदेवड़ा-नाचना | 70.00 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 13 | दक्षिणी छोर से गत्ती हियातकी बीओपी | 13.20 | नई | एनएचडीएल |
| 14 | पिथेवाला-कलीबुली-बाहला | 65.00 | नई | एनएचडीएल |
| 15 | देवासर-मौवाली तलाई | 10.50 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 16 | रामपुरा-दुदेर-पीटी 201-ईस्ट कैंप | 24.70 | सीएल-9 | एनएचडीएल |
| 17 | घोतारू-शागढ़ | 37.00 | सीएल-9 | एनएचडीएल |

*****